दिनांक 03.07.2021

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

घर, दुकान व आफिस में डेंगू का लार्वा मिला तो होगा जुर्माना
निगम उपायुक्त ने सभी जोन आयुक्त निजी संस्थानों को नोटिस जारी करने दिया आदेश
भिलाईनगर / घर, दुकान, आॅफिस या प्राईवेज हास्पिटलों में मच्छर का लार्वा मिला तो जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। डेंगू नियंत्रण अभियान के तहत बार बार समझाईश के बाद जलजमाव करने या लार्वा मिलने वाले घरो व दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही जारी है। बारिश के सीजन में जलजमाव की वजह मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है , चूंकि डेंगू के मच्छर गंदे पानी के बजाय साफ पानी में पनपता है , इसलिए घर के कूलर , छत पर रखे हुए पुराने बर्तन व टायर तथा दुकान व आॅफिस में जाम पानी की जांच की जा रही है, अगर इन जगहों पर जांच में डेंगू का लार्वा दिखे तो संबंधित पर सीधे जुर्माना लगाने के निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया है।
डेंगू से बचाव के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर रविवार डेंगू पर वार अभियान छेड़ा है। इस दिन नागरिकों से सप्ताह मंे एक दिन घर के आस पास सफाई और पात्रों में भरे हुए पानी की सफाई कराया जाएगा। इसके बाद भी कहीं पर जलजमाव करने जहां लार्वा उत्पत्ति की संभावना हो तो जुर्माना की कार्रवाई करने के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निर्देश दिए है। डेंगू , मलेरिया, व फाईलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए प्रशासनिक सख्ती जरूरी है। वेक्टर जनित रोग डेंगू से बचाव के लिए निगम का अमला घर घर जाकर कूलर का पानी की जांच, टेमिफाॅस छिड़काव किया जा रहा है। मच्छरों के काटने से होने वाले डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक भी कर रहे है।

जनसम्पर्क अधिकारी